RAGGING

Ragging is a serious offence that is totally prohibited in our institution. Anyone found guilty of ragging or abetting ragging, whether actively or passively, or being a part of a conspiracy to promote ragging, is liable to be punished in accordance with National Medical Commission (Prevention and Prohibition of Ragging in Medical Colleges and Institutions) Regulations, 2021, as well as under the provisions of any penal law for the time being in force.

For further information or in case you want to register a complaint, please contact –

Sr. No.	Name		Mobile No.
1.	Dr. Parag Sancheti	Dean	8888553333
2.	Dr. Atul Patil	Departmental Chair	9545457660
3.	Dr. Darshankumar Sonawane	Head of Orthopedics Dept.	8149990075
4.	Col. Ajit Palekar (Retd)	Head Academics & Research Admin	8975765723

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22112021-231281
CG-DL-E-22112021-231281

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 582] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 20, 2021/कार्तिक 29, 1943
No. 582] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 20, 2021/KARTIKA 29, 1943

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 नवंबर, 2021

सं. यूजीएमईबी/एनएमसी/रूल्स एंड रेग्युलेशंस/2021.—राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम, 2019 (2019 का 30) धारा 57 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए और दिनांक 16 मई, 2007 की अनुमति याचिका संख्या 2006 की 24295 और दिनांक 08 मई, 2009 की सिविल अपील संख्या 2009 की 887 में पारित माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय और उच्चतर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग का खतरा नियंत्रित करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमावली, 2009 के अनुसरण में, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग एतद्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है: —

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभण –**(1) ये विनियम, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में रैगिंग की रोकथाम और निषेध) विनियमावली, 2021कहे जाएंगे।

(2) ये भारत के सरकारी राजपत्र में उनके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रावृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**– इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "शैक्षिक वर्ष" से, उस वर्ष विशेष के अंत में परीक्षाओं, यदि कोई हों, सहित मेडिकल कॉलेज या संस्थान में अध्ययन के किसी पाठ्यक्रम में छात्रों के दाखिले के प्रारंभण से शैक्षिक अपेक्षाओं की पूर्णता तक की अवधि अभिप्रेत है;

(ख) "अधिनियम" से, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिनियम, 2019 (2019 का 30) अभिप्रेत है;

(ग) "आयोग" से, अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अभिप्रेत है;

(घ) "नया विद्यार्थी (फ्रेशर)" से कोई ऐसा छात्र अभिप्रेत है, जो संस्थान में दाखिल किया गया है और जो उस संस्थान में अध्ययन के अपने प्रथम वर्ष में अध्ययन कर रहा है;

(ङ) "संस्थान प्रमुख" से, डीन या प्रधानाचार्य या निदेशक या संबंधित कॉलेज या संस्थान के शैक्षिक और छात्रों, रेजिडेंटों तथा फेलोज से संबंधित मामलों सहित प्रशासन के लिए जिम्मेदार कोई अन्य समुचित प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(च) "छात्रावास" से, मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा प्रशासित और बोर्डिंग जैसी सुविधाओं और अपने सभी संबद्ध क्षेत्रों वाला छात्रों के निवास का कोई स्थान अभिप्रेत है;

(छ) "एमबीबीएस" से, स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमावली, 1997 और अधिनियम की धारा 61 की उप-धारा (2) के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा विधिवत् मान्यताप्राप्त उत्तरवर्ती संशोधनों के अनुसार भारत के किसी विश्वविद्यालय या अनुमोदित संस्थान की आयुर्विज्ञान स्नातक और शल्यचिकित्सा स्नातक की डिग्री अभिप्रेत है;

(ज) "मेडिकल कॉलेज या संस्थान" से, भारत के अंदर कोई ऐसा संस्थान अभिप्रेत है, जो आयुर्विज्ञान में डिग्रियां, डिप्लोमे या लाइसेंस प्रदान करता है और इसमें संबद्ध कॉलेज और आयोग द्वारा यथा अनुमोदित और अधिनियम की धारा 24, 25 और 35 के अंतर्गत स्नातक-पूर्व आयुर्विज्ञान शिक्षा बोर्ड या स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा बोर्ड के साथ सूचीबद्ध मानित विश्वविद्यालय शामिल है और इसमें सभी क्षेत्र जैसे विभाग, सभी अध्यापन और ज्ञानार्जन सुविधाएं, अस्पताल और इसके सभी परिसर, चाहे वे शैक्षिक, आवासीय, खेल के मैदान या कैंटीन हों, चाहे वे परिसरके अंदर स्थित हों या अंदर और अपना अध्ययन करने में छात्रों द्वारा इस्तेमाल किए गए सरकारी या निजी परिवहन के सभी साधन शामिल हैं, परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है;

(झ) "चिकित्सा–शास्त्र" से अपनी सभी शाखाओं में आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्सा-शास्त्र अभिप्रेत है और इसमें शल्य-चिकित्सा तथा प्रसूति-विज्ञान शामिल है, परंतु इसमें पशुचिकित्सा-शास्त्र और शल्यचिकित्सा शामिल नहीं है।

(ञ) "अधिसूचना" से, सरकारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है और "अधिसूचित करें" अभिव्यक्ति का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा;

(ट) "स्थायी पंजीकरण" अधिनियम के अध्याय VI के उपबंधों के अंतर्गत यथा विनियमित, किसी विधिवत् मान्यताप्राप्त प्राथमिक आयुर्विज्ञान शैक्षिक योग्यता वाले पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण है, जो स्थायी चिकित्सा विनियमावली, 2021 के अंतर्गत यथा विनियमित, भारत में आधुनिक वैज्ञानिक औषध प्रणाली या ऐलोपैथिक में स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस करने की अनुमति प्रदान करता है या लाइसेंस उपलब्ध कराता है;

(ठ) "रैगिंग" से, विनियम 4 में यथापरिभाषित एक दूसरे के प्रति छात्रों के कदाचार का कृत्य अभिप्रेत है;

(ड) "वरिष्ठ" से, कोई ऐसा छात्र अभिप्रेत है, जो उस संस्थान में अपना अध्ययन कर रहा है और पिछले शैक्षिक वर्ष में या किसी पिछले वर्ष में संस्थान में दाखिल किया गया है और इसलिए निहितार्थ है कि वह किसी फ्रेशर के बैच से पहले संस्थान में शामिल हुआ है;

(ढ) "छात्र" से, नामांकित और आयोग द्वारा यथा अनुमोदित किसी मेडिकल कॉलेज में किसी पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ण) इन विनियमों के उद्देश्य के लिए "विश्वविद्यालय" का अर्थ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) की धारा 2 के खंड (च) में इसे दिया गया अर्थ होगा और इसमें भारत में कोई ऐसा स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, जो किसी केंद्रीय अधिनियम, किसी प्रांतीय अधिनियम या किसी राज्य अधिनियम द्वारा या के अंतर्गत स्थापित या अधिनिगमित किया गया हो, उक्त अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय होने वाला कोई संस्थान या डिग्रियां प्रदान या स्वीकृत करने के लिए संसद के किसी अधिनियम द्वारा विशेष रूप से शक्तिप्राप्त कोई संस्थान शामिल है;

(त) "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग" से, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) की धारा 4 के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग है;

(थ) "वार्डन" से, संस्थान प्रमुख द्वारा छात्रावासों के नैत्यक प्रशासन और कार्यचालन सौंपे गए कोई पदाधिकारी अभिप्रेत हैं।

(2) इन विनियमों में इस्तेमाल किए गए और इसमें परिभाषित न किए गए परंतु अधिनियम में परिभाषित किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों का अपना-अपना वही अर्थ होगा, जो अधिनियम में उन्हें दिया गया है।

3. उद्देश्य - इन विनियमों का उद्देश्य, इन विनियमों के अंतर्गत रैगिंग के निषेध द्वारा, इसके होने की रोकथाम करके और इन विनियमों में यथा उपबंधित प्रवृत्त प्रचलित और लागू होने वाले कानूनों के अनुसार रैगिंग में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक उपाय करके, देश में मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों से इसके सभी रूपों में रैगिंग का उन्मूलन करना है।

अध्याय ।।

रैगिंग

3. रैगिंग की परिभाषा –रैगिंग का अर्थ होगा कोई उत्पाती आचरण, चाहे वह बोले गए या लिखित शब्दों द्वारा हो या किसी ऐसे कृत्य द्वारा जिसका प्रभाव किसी अन्य छात्र को चिढ़ाने, रुखेपन के साथ व्यवहार करने या हैंडल करने वाला हो, उपद्रवी या अनुशासनहीनगतिविधियों में लिप्त होना, जिसके कारण कष्ट पहुंचता हो या कष्ट पहुंचने की संभावना हो, कठिनाई या मनोवैज्ञानिक हानि हो या किसी फ्रेशर या कनिष्ठ के मन में डर या उसकी आशंका उत्पन्न करना या छात्रों से कोई ऐसा कार्य करने या कुछ ऐसा करने को कहना, जो सामान्यत: वह छात्र नहीं करेगा और जिसका प्रभाव, शर्म या लज्जा की भावना उत्पन्न करने वाला हो जो किसी फ्रेशर या किसी कनिष्ठ छात्र के शरीर या मन को प्रतिकूलत: प्रभावित करती हो।

4. कार्य जो रैगिंग हो सकते हैं –निम्नलिखित कार्य उन कार्यों में शामिल होंगे जो रैगिंग हो सकते हैं, नामत:

(क) किसी छात्र या छात्रों द्वारा कोई आचरण, चाहे वह बोले गए या लिखे गए शब्दों द्वारा हो या किसी ऐसे कृत्य द्वारा जिसका प्रभाव किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र पर चिढ़ाने, रुखेपन के साथ व्यवहार या हेंडलिंग हो;

(ख) किसी छात्र या छात्रों द्वारा उपद्रवी या अनुशासनहीन गतिविधियों में लिप्त होना, जिससे कष्ट पहुंचता हो या पहुंचने की संभावना हो, कठिनाई हो, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक हानि हो या किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र के मन में डर या उसकी आशंका उत्पन्न करना;

(ग) किसी छात्र को ऐसा कार्य करने को कहना जो वह छात्र सामान्यत: नहीं करेगा और जिसका प्रभाव, शर्म या यातना या लज्जा की भावना उत्पन्न करने वाला हो, जो उस फ्रेशर या किसी अन्य छात्र के शरीर या मन को प्रतिकूलत: प्रभावित करती हो;

(घ) किसी वरिष्ठ छात्र द्वारा कोई ऐसा कार्य, जो किसी अन्य छात्र या किसी फ्रेशर के नियमित शैक्षिक क्रियाकलाप को रोकता हो, भंग करता हो या उसमें बाधा उत्पन्न करता हो;

(ङ) किसी व्यक्ति या छात्रों के किसी समूह को दिए गए शैक्षिक कार्य पूरे करने के लिए किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र की सेवाओं का दुरुपयोग करना;

(च) छात्रों द्वारा किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र पर जबरदस्ती वित्तीय भार डालने या वित्तीय खसोट का कोई कार्य;

(छ) इसके सभी रूपों सहित शारीरिक दुर्व्यवहार का कोई कार्य जैसे यौन दुर्व्यवहार, समलिंगकामी प्रहार, कपड़े उतरवाना, अश्लील और कामुक कृत्यों के लिए दबाव डालना, इशारे, स्वास्थ्य या व्यक्ति को शारीरिक हानि, कोई अन्य खतरा पहुंचाना;

(ज) बोले गए शब्दों, ई-मेलों, डाक, स्नेल-मेलों, ब्लॉगों, सार्वजनिक अपमानों द्वारा कोई कृत्य या दुरुपयोग जिनमें फ्रेशर या किसी अन्य छात्र को पराजय में सक्रिय रूप से या निष्क्रिय रूप से भाग लेने से विकृत आनंद, प्रतिनिधिक या परपीड़न कामुक रोमांच प्राप्त करना भी शामिल होगा;

(झ) रंग, नस्ल, जाति, मानवजातीय, जेंडर (ट्रांसजेंडर सहित) यौन अभिमुखीकरण, दिखावट, राष्ट्रीयता, क्षेत्रीय उत्पत्तियों, भाषायी पहचान, जन्म स्थान, निवास स्थान या आर्थिक पृष्ठभूमि के आधार पर अन्य छात्र (फ्रेशर या अन्यथा) पर लक्षित शारीरिक या मानसिक दुर्व्यवहार (डराने-धमकाने और बहिष्कार सहित) का कोई कृत्य;

(ञ) कोई ऐसा कृत्य जो अपमान के जरिए या अन्यथा मानव प्रतिष्ठा और सम्मान को कम करता हो;

(ट) कोई ऐसा कृत्यु जो कामुक आनंद लेने की मंशा से या के बिना किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को प्रभावित करता हो या किसी फ्रेशर या किसी अन्य छात्र पर किसी छात्र द्वारा शक्ति, प्राधिकार या श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना;

(ठ) ऊपर स्पष्ट रूप से उल्लेख न किया गया कोई अन्य कृत्य परंतु जिससे विनियम 3 और 4 के अंतर्गत यथा उपबंधित रैगिंग के लिए परिभाषा के सही अर्थ में रैगिंग का कृत्य बनता हो।

अध्याय ।।।

संस्थानों द्वारा रैगिंग का निषेध और रोकथाम करने के उपाय

5. संस्थानों के कर्त्तव्य और जिम्मेदारियां –रैगिंग को नियंत्रित करने और उसके उन्मूलन के लिए सभी स्टेकहोल्डरों नामत: वरिष्ठों, फ्रेशरों, अध्यापकों, माता-पिता और व्यापक रूप से सभ्य समाज के प्रयासों की आवश्यकता होती है और इस अध्याय के उपबंधों में उपबंधित उपाय, संस्थान द्वारा रैगिंग का निषेध और रोकथाम करने के लिए मोटे तौर पर दिशानिर्देश हैं।

6. रैगिंग का निषेध करने के लिए मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों द्वारा किए जाने वाले उपाय- रैगिंग का निषेध करने के लिए मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:-

(क) कोई भी संस्थान, किसी भी तरीके से रैगिंग की घटना की अनुमति नहीं देगा या किसी भी रूप में रैगिंग की सूचित की गई किसी घटना को माफ नहीं करेगा; और सभी संस्थान, संस्थान के अंदर या बाहर रैगिंग का उन्मूलन करने का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए इन विनियमों के उपबंधों सहित सभी आवश्यक और अपेक्षित उपाय करेंगे परंतु ये उपाय इन्हीं उपबंधों तक सीमित नहीं होंगे;

(ख) प्रत्येक मेडिकल कॉलेज या संस्थान, रैगिंग करने या सक्रिय अथवा निष्क्रिय रूप से रैगिंग के लिए उकसाने या रैगिंग को बढ़ावा देने की साजिश का भाग होने का दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध इन विनियमों के अनुसार कार्रवाई करेंगे।

7. रैगिंग की रोकथाम करने के लिए मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों द्वारा किए जाने वाले उपाय- (1) रैगिंग की रोकथाम करने के लिए दाखिल प्रक्रिया से पहले मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:

(i) किसी इलेक्ट्रॉनिक, द्रश्य-श्रव्य या प्रिंट या किसी अन्य मीडिया में घोषित किसी पाठ्यक्रम में दाखिले से संबंधित, मेडिकल कॉलेज या संस्थान की सभी सार्वजनिक अधिसूचनाओं में अभिव्यक्त रूप से यह दिया जाएगा कि-

(क) रैगिंग एक गंभीर अपराध है जो मेडिकल कॉलेज या संस्थान में पूर्णत: निषिद्ध है।

(ख) रैगिंग करने या रैगिंग के लिए उकसाने, चाहे यह सक्रिय रूप से हो या निष्क्रिय रूप से, या रैगिंग को बढ़ावा देने की साजिश का भाग होने का दोषी पाए गए किसी व्यक्ति को, इन विनियमों के अनुसार और समय-समय पर लागू किसी दांडिक कानून के उपबंधों के अंतर्गत दंड दिया जा सकेगा;

(ii) प्रिंट, डिजिटल या किसी अन्य रूप में दाखिला ब्रोशर या प्रॉस्पैक्ट्स या सूचना बुलेटिन में ये विनियम शामिल किए जाएंगे;

(iii) प्रवेश या एग्जिट या मूल्यांकन के किसी अन्य रूप के लिए परीक्षा आयोजित करने और उन कॉलेजों या संस्थानों, जिन पर ये विनियम लागू होते हैं, से संबंधित काउंसलिंग या सीट आबंटन करने वाले सभी संगठनों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे अपने सूचना बुलेटिन में ये विनियम उसी रूप में शामिल करें जिस रूप में उपलब्ध हैं, जैसेकि नीचे दिए गए हैं:

(क) राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियां (एनटीए), एमबीबीएस के लिए राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा [नीट (यूजी)] में ये विनियम शामिल करेंगी;

(ख) राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) स्नातकोत्तर [नीट (पीजी)] और राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा के सूचना बुलेटिन में ये विनियम शामिल करेगा;

(ग) स्नातक-पूर्व मेडिकल या स्नातकोत्तर या अति विशेषज्ञता पाठ्यक्रम ऑनलाइन सीट आबंटन प्रक्रिया (ऑनलाइन काउंसलिंग) आयोजित करने वाले महानिदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार कीमेडिकल काउंसलिंग समिति (एमसीसी), संबंधित काउंसलिंग प्रक्रियाओं के लिए अपनी वेबसाइट पर ये विनियम प्रदर्शित करेंगी;

(घ) अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय एग्जिट परीक्षा (नेक्स्ट) के लिए सूचना बुलेटिन में ये विनियम उपलब्ध होंगे;

(ङ) मेडिकल कॉलेज या संस्थान यह सुनिश्चित करेंगें कि यदि दाखिला प्रक्रिया से संबंधित अपने मूल्यांकनों या परीक्षाओं या काउंसलिंग में से कोई उनके अधीन किसी संगठन द्वारा आयोजित की जाती है या उनका बाह्य स्रोतीकरण किया जाता है तो सूचना बुलेटिन में ये विनियम शामिल होंगे।

(iv) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, परीक्षा की तारीखें इस प्रकार भिन्न-भिन्न समय पर रखेंगे ताकि वरिष्ठ बैचों के नए सत्रों के प्रारंभण से पहले नया बैच दाखिल किया जा सके;

(v) किसी मेडिकल कॉलेज या संस्थान में शैक्षिक सत्र के प्रारंभण से पहले संस्थान प्रमुख रैगिंग को नियंत्रित करने हेतु उपायों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों या एजेंसियों जैसे छात्रावास वार्डन, छात्रों के प्रतिनिधियों, माता-पिता या अभिभावकों, संकाय सदस्यों, जिला प्रशासन जिसमें पुलिस शामिल है, की एक बैठक आयोजित करेगा और उसे संबोधित करेगा;

(vi) संस्थान प्रमुख, रैगिंग-प्रतिरोधी समितियां, रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते और अन्य ऐसी समितियां गठित करेगा और इन विनियमों के उपबंधों का उद्देश्य पूरा करने के लिए ड्यूटियां सौंपेगा;

(vii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, रैगिंग में लिप्त व्यक्तियों के प्रति संस्थान के दृष्टिकोण और रैगिंग के अपमानजनक प्रभाव से पूरे समुदाय को, विशेष रूप से जागरूक करेगा, यहां तक कि व्यापक प्रसार करने के लिए मीडिया का इस्तेमाल करके भी और रैगिंग की घटनाओं पर दांडिक कानून के उपबंध और इन विनियमों के उपबंध दर्शाने वाले पोस्टर सुस्पष्ट रूप से संस्थानों के परिसर, विशेष रूप से छात्रावासों में प्रदर्शित करेंगे;

(viii) रैगिंग-प्रतिरोधी गतिविधियों से संबंधित कार्यों और संपर्क नंबर, नियंत्रण कक्ष के ब्योरे, हेल्पलाइन सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे, उपलब्ध कराए जाएंगे और फ्रेशरों तथा सभी संबंधितों को आसानी से उपलब्ध होंगे ताकि जब कभी आवश्यकता हो, तत्काल संपर्क स्थापित किया जा सके;

(ix) दाखिला प्रक्रिया आरंभ होने से पहले के अवकाश की अवधि का उपयोग, इन विनियमों के उद्देश्यों और उपबंधों का प्रचार करने के लिए किया जा सकता है;

(x) संस्थान, रैगिंग की घटना घटित होने के लिए असुरक्षित के रूप में ज्ञात सभी स्थानों की पहचान करेगा, उन्हें उचित ढंग से प्रकाशवान बनाएगा और उन पर निकटता से निगरानी रखेगा;

(xi) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे स्थानों को छोड़कर, जहां अपरिहार्य हो, छात्रावास और अन्य क्षेत्रों सहित मेडिकल कॉलेज या संस्थान के अंदर मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए जैमिंग आदि द्वारा कोई बाधा नहीं होगी;

(xii) यह सिफारिश की जाती है कि परिसर, कम से कम रैगिंग की घटनाओं के लिए असुरक्षित क्षेत्रों की मॉनीटरिंग वीडियो-निगरानी के जरिए की जाए;

(xiii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान के संकाय सदस्य और स्टाफ, इन विनियमों के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लक्ष्य से, शैक्षिक वर्ष के आरंभ से पहले से ही, छात्रों के किसी विशिष्ट भाग की कोई विशेष आवश्यकताएं पूरी करने के लिए प्रवेश व्यवस्थाएं, जिनमें वे शामिल हैं, जो पूर्वानुमान लगाती हैं, पहचान करती है और योजना बनाती है, मौजूद रखेंगे;

(xiv) प्रत्येक मेडिकल कॉलेज या संस्थान, काउंसलिंग छात्रों के लिए उपलब्ध रहने हेतु, शैक्षिक सत्र के प्रारंभण से पहले व्यावसायिक काउंसलरों या आंतरिक काउंसलरों, जो मनश्चिकित्सा विभाग में उपलब्ध हों, को अभिनियोजित करेगा या उनकी सहायता प्राप्त करेगा;

(xv) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, पहले से ही ऐसे संकाय सदस्य मेंटर समनुदेशित करने की प्रणाली तैयार करेगा जो छात्रों और उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ नियमित रूप से संवाद करेंगे;

(xvi) स्थानीय पुलिस और प्राधिकारियों को, दाखिले की तारीखों के ब्योरे और मेडिकल कॉलेज या संस्थान में नामांकित छात्रों द्वारा आवासीय उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले प्रत्येक निजी रूप से वाणिज्यिक रूप में प्रबंधित छात्रावास या लॉजों के पते उपलब्ध कराए जाएंगे;

(xvii) रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ता, छात्रों को दाखिल किए जाने के पश्चात निगरानी रखने में पर्याप्तत: सक्षम बनने के लिए पर्याप्त अभ्यास करेगा;

(xviii) संपर्क ब्योरों के साथ एक रैगिंग-प्रतिरोधी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए ताकि छात्र, रैगिंग की घटनाएं सूचित करने और आवश्यकतानुसार सहायता प्राप्त करने के लिए दिन या रात में किसी भी समय नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने में समर्थ हो सकें;

(xix) पर्याप्त और सुदृढ़ संचार तंत्र लागू किया जाएगा ताकि यदि आवश्यकता पड़ती है तो मेडिकल कॉलेज या संस्थान तत्काल और साथ ही साथ संपर्क कर सके और समुचित पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों और पुलिस को संस्थान के अंदर सूचना पुन: प्रसारित कर सके;

(xx) सांस्थानिक वेबसाइट में, रैगिंग-प्रतिरोधी अधिसूचनाएं, गतिविधियां और रैगिंग की घटनाओं की रिपोर्टें भी तथा उन पर की गई कार्रवाई जनता के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पोस्ट करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

(2) दाखिला प्रक्रिया के समय मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:

(i) दाखिले के समय, निम्नलिखित अनुबंधों में दिए गए प्रपत्र पर यह वचनपत्र लिया जाएगा कि छात्र किसी भी तरीके से रैगिंग में शामिल नहीं होगा:

(क) फार्म । पर छात्र द्वारा वचनपत्र;

(ख) फार्म ।। पर माता-पिता या अभिभावक द्वारा वचनपत्र।

(ii) जो छात्र, मेडिकल कॉलेज या संस्थान के परिसर के अंदर या परिसर के बाहर छात्रावासों में दाखिला चाहते हैं, वे निम्नलिखित अनुबंधों में दिए गए प्रपत्र पर यह वचनपत्र देंगे कि छात्र किसी भी तरीके से रैगिंग में शामिल नहीं होगा-

(क) फार्म । पर छात्र द्वारा वचनपत्र;

(ख) फार्म ।। पर माता-पिता/अभिभावक द्वारा वचनपत्र।

(iii) दाखिले की शर्तों में स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र या स्थानांतरण प्रमाणपत्र या माइग्रेशन प्रमाणपत्र या चरित्र प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, के रूप में कोई दस्तावेज़ शामिल होगा, जिसमें आवेदक के व्यवहार संबंधी पैटर्न पर एक रिपोर्ट शामिल होगी ताकि इसके पश्चात मेडिकल कॉलेज या संस्थान किसी ऐसे छात्र पर गहन निगरानी रख सके जिसकी इस संबंध में नकारात्मक प्रविष्टि है;

(iv) अपने पंजीकरण के समय प्रत्येक छात्र, अध्ययन के पाठ्यक्रम में अध्ययन करते समय, आवास के अपने स्थान के बारे में मेडिकल कॉलेज या संस्थान को सूचित करेगा और यदि छात्र ने आवास का अपना स्थान तय नहीं किया है या इसे बदलने की इच्छा रखता है तो इसे तय करने परतत्काल आवास के अपने स्थान के ब्योरे उपलब्ध कराए जाएंगे और विशेष रूप से निजी वाणिज्यिक रूप से प्रबंधित लॉज या छात्रावास के संबंध में, जहां उसने आवास लिया है;

(v) संस्थान में दाखिल किए गए प्रत्येक नए छात्र को निम्नलिखित उपलब्ध कराए जाएंगे:

(क) किसी भी समय सहायता और मार्गदर्शन, यदि और जब कभी आवश्यक हो, के लिए उन व्यक्तियों के ब्योरे, जिनसे संपर्क किया जा सकता है जैसे इन विनियमों में उल्लिखित रैगिंग-प्रतिरोधी हेल्पलाइन या नियंत्रण कक्ष, वार्डन, संस्थान प्रमुख, रैगिंग-प्रतिरोधी दस्तों और समितियों के सदस्य, संबंधित जिला और पुलिस प्राधिकारी;

(ख) उनके प्रवेश और अभिमुखीकरण के लिए की गई व्यवस्थाओं के ब्योरे जो पिछले वर्षों में संस्थान के पहले से दाखिल किए गए छात्रों के साथ छात्रों के रूप में उन्हें पूरी तरह एकीकृत करने के दक्ष और प्रभावी माध्यमों को बढ़ावा देती हैं;

(ग) मेडिकल कॉलेज या संस्थान के असली छात्रों के रूप में उनके अधिकार;

(घ) इस संबंध में स्पष्ट निर्देश कि उन्हें अपनी इच्छा से या के विरुद्ध कुछ करने से बाज आना चाहिए, यदि वरिष्ठ छात्रों द्वारा आदेश भी दिया जाए और कि रैगिंग करने का कोई प्रयास, तुरंत रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते या वार्डन या संस्थान प्रमुख, जैसा भी मामला हो, को सूचित किया जाएगा;

(ङ) इस संबंध में निर्देश कि कम से कम एक विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उनके साथ कोई जाएगा और उन्हें समुचित ढंग से मॉनीटर किया जाएगा, यदि वे किसी बोर्डिंग सुविधा या भोजनालय या कैंटीन या किसी मनोरंजन सुविधा जैसे व्यायामशाला में जाने के लिए अपने छात्रावास परिसर छोड़ते हैं, विशेष रूप से शाम को या रात में;

(च) सभी फ्रेशर पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे और संपर्क ब्योरे तथा छोड़ने का समय और छात्रावासों में प्रत्याशित वापसी और इस प्रकार जाने के कारण उपलब्ध कराएंगे, यदि वे किसी कारण से जैसे स्थानीय अभिभावक के पास जाना आदि छात्रावास और संस्थान परिसर छोड़ते हैं।

3. दाखिला प्रक्रिया के पश्चात मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:

(i) फ्रेशर्स को, जहां तक संभव हो, एक अलग छात्रावास ब्लॉक या विंग में ठहराया जाएगा और मेडिकल कॉलेज या संस्थान यह सुनिश्चित करेगा कि फ्रेशर्स को आबंटित आवास में वरिष्ठ छात्रों के प्रवेश को, वार्डन, सुरक्षा स्टाफ और संस्थान के अन्य स्टाफ द्वारा सख्ती से मॉनीटर किया जाए;

(ii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, उस मेडिकल कॉलेज या संस्थान के शैक्षिक वातावरण से नए छात्रों को अवगत और परिचित कराने हेतु उनके लिए अलग अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करेगा;

(iii) नए छात्रों को आगमी जीवन के लिए तैयार करने हेतु उनकी काउंसलिंग की जाएगी, विशेष रूप से छात्रावासों में जीवन के संबंध में और यथासंभव, माता-पिता और अध्यापकों को भी इस काउंसलिंग में शामिल किया जाएगा;

(iv) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, निम्नलिखित के जरिए वरिष्ठ छात्रों के साथ अभिमुखीकरण कार्यक्रम बनाएगा-

(क) संयुक्त संग्राहीकरण कार्यक्रम और किसी व्यावसायिक काउंसलर द्वारा नए और वरिष्ठ छात्रों दोनों की काउंसलिंग;

(ख) सांस्कृतिक और खेलकूद क्रियाकलापों के रूप में वरिष्ठ छात्रों के साथ संयुक्त विचार-विमर्श;

(ग) सक्रिय मॉनीटरिंग, संकाय सदस्यों, छात्र सलाहकारों, वार्डनों और इसके सदस्यों के रूप में कुछ वरिष्ठ छात्रों सहित समुचित समितियों द्वारा फ्रेशर्स, कनिष्ठ छात्रों और वरिष्ठ छात्रों के बीच स्वस्थ विचार-विमर्श को बढ़ावा देना और विनियमित करना।

(v) फ्रेशर्स को संकाय सदस्य आबंटित किए जाएंगे, जो मेंटर्स के रूप में कार्य करेंगे, जैसाकि विनियम 14 के अंतर्गत दर्शाया गया है;

(vi) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, अपनी स्वयं की निम्नलिखित अतिरिक्त पद्धतियां तैयार कर सकते हैं और रैगिंग का निषेध और रोकथाम करने के लिए इस अध्याय के विभिन्न उपबंधों में उपबंधित और सभी आवश्यक उपाय लागू करेगा, जिससे, तत्समय प्रवृत्त, जो लागू हों, संबंधित कानूनों सहित उच्चतर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खतरे को नियंत्रित करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमावली, 2009 और इन विनियमों के उपबंधों का उद्देश्य पूरा हो सके:

(क) सभी आवश्यक समितियां, कर्मी, उपाय और योजनाएं लागू की जाएंगी और शर्तें कार्यान्वित करने के लिए पूरी तरह कार्यात्मक होंगी तथा एक-दूसरे के साथ समन्वय करेंगी;

(ख) छात्रों, फ्रेशर्स और वरिष्ठ छात्रों, माता-पिता, संकाय सदस्यों और अन्य सभी स्टाफ को, रैगिंग-प्रतिरोधी विनियमों के उपबंधों की पर्याप्तत: सूचना दी जाएगी;

(ग) छात्रावासों और कैंटीन क्षेत्रों पर विशेष बल देने के साथ, सभी संबंधितों द्वारा हर समय सख्त निगरानी रखी जाएगी;

(घ) 24 घंटे औचक जांचें, गुप्त सर्वेक्षण और अनुशासनिक उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा;

(ङ) प्रत्यक्ष रूप से या नियंत्रण कक्ष अथवा हेल्पलाइनों के जरिए संस्थान प्रमुख, संकाय सदस्य, रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते, रैगिंग-प्रतिरोधी समिति के सदस्यों, छात्रावास वार्डन और अन्य स्टाफ के संपर्क नंबरों की उपलब्धता के जरिए रैगिंग की घटनाएं और अप्रिय घटनाएं, संकट, फ्रेशर्स की कठिनाइयां सूचित करने की आसान सुगम्यता होगी;

(च) जिला प्रशासन और पुलिस के शीघ्र और तत्काल हस्तक्षेप, यदि आवश्यकता पड़ती है, के लिए उनके साथ एक स्थापित संसूचन प्रचालनरत प्रोटोकोल होगा;

(छ) यह संदेश और मंशा सुस्पष्ट होगी कि संस्थान के सभी छात्रों और स्टाफ के लिए, रैगिंग की प्रत्येक घटना की सूचना देना अनिवार्य है और कि रैगिंग के प्रत्येक मामले पर, इन विनियमों के उपबंधों और तत्समय प्रवृत्त लागू होने वाले कानूनों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी;

(vii) मेडिकल कॉलेज और संस्थान, पहले से निश्चित किए गए अंतरालों पर, जो छात्रों के दाखिले के पश्चात पहले तीन महीने के लिए साप्ताहिक हो सकते हैं, विश्वविद्यालय को सभी रैगिंग-प्रतिरोधी उपायों, रैगिंग

की घटनाओं, न्यायालयों के निर्देशों के संबंध में रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे, जैसाकि विनियम 17 में उपबंधित है;

(viii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, आयोग को, फार्म ।।। में दिए गए प्रपत्र पर अनुपालन रिपोर्टें, रैगिंग-प्रतिरोधी उपायों, रैगिंग की घटनाओं, उन पर की गई कार्रवाई न्यायालयों के निर्देश के संबंध में रिपोर्टें उपलब्ध कराएगा, जैसाकि विनियम 18 में उपबंधित है;

(ix) ऊपर उल्लिखित उपाय न तो व्यापक हैं और न ही पूर्ण और मेडिकल कॉलेज या संस्थान, इन विनियमों के भिन्न-भिन्न उपबंधों में यथा उपबंधित उपायों का उपयोग कर सकता है और उनके अलावा, केवल नव परिवर्तन लाने और ऐसे उपाय तैयार करने के लिए ही प्रोत्साहित नहीं करता जो रैंगिंग की घटनाओं का निषेध करने, रोकथाम करने और पहचान करने में सहायता करने के प्रयासों में वृद्धि करेंगे, बल्कि अन्य मेडिकल कॉलेजोंया संस्थानों में कार्यान्वयन हेतु अपने संबद्ध विश्वविद्यालय को उचित सुझाव भी देंगे।

(4) शैक्षिक वर्ष के अंत में मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:-

(i) प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के अंत में, संस्थान प्रमुख या डीन ऐसे छात्रों के माता-पिता या अभिभावकों को एक पत्र भेजेगा जो अपना प्रथम वर्ष पूरा कर रहे हैं, जिसमें उन्हें, अगले शैक्षिक सत्र के आरंभ में मेडिकल कॉलेज या संस्थान में लौटने पर रैगिंग में लिप्त होने से उनके आश्रित छात्रों को बाज आने पर जोर देने के लिए, इन विनियमों और तत्समय लागू किसी अन्यकानून का स्मरण दिलाया गया है;

(ii) प्रत्येक शैक्षिक वर्ष के अंत में मेडिकल कॉलेज या संस्थान एक मेंटरिंग समिति या मेंटरिंग कक्ष गठित करेगा, जिसमें आगमी शैक्षिक वर्ष के लिए मेंटर्स होंगे, जैसाकि विनियम 14 में उपबंधित है।

8. माइग्रेशन प्रमाणपत्र, स्थानांतरण प्रमाणपत्र और आचरण प्रमाणपत्र जारी करना –मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा छात्र को जारी किए गए माइग्रेशन प्रमाणपत्र, स्थानांतरण प्रमाणपत्र या आचरण प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, में सामान्य आचरण और व्यवहार से संबंधित प्रविष्टि के अलावा इस संबंध में प्रविष्टि होगी कि क्या उस छात्र को रैगिंग करने या उसके लिए उकसाने के लिए दंडित किया गया है या नहीं और इस संबंध में भी प्रविष्टि होगी कि क्या छात्र ने निरंतर हिंसक या आक्रामक व्यवहार या अन्यों को हानि पहुंचाने की प्रवृत्ति दर्शायी है।

9. फ्रेशर्स और वरिष्ठों के बीच स्वस्थ विचार-विमर्श प्रोत्साहित करने के लिए उपाय –फ्रेशर्स और वरिष्ठों के बीच स्वस्थ विचार-विमर्श प्रोत्साहित करने के लिए मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:-

(i) संस्थान, फ्रेशर्स और वरिष्ठ छात्रों के बीच स्वस्थ विचार-विमर्श को सक्रिय रूप से मॉनीटर करने, बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए नैदानिक-पूर्व वर्षों से संकाय सदस्यों, छात्रों के प्रतिनिधियों, वार्डन और कुछ वरिष्ठ छात्रों को शामिल करते हुए समुचित समितियां गठित करेगा;

(ii) फ्रेशर्स स्वागत पार्टियां, एक-दूसरे के साथ उचित परिचय के लिए वरीयत: शैक्षिक सत्र आरंभ होने के पहले दो सप्ताह के अंदर वरिष्ठ छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा एक साथ सांस्थानिक या विभागीय स्तर पर आयोजित की जाएंगी और जहां फ्रेशर्स की प्रतिमाएं, संकाय सदस्यों की मौजूदगी में उचित ढंग से सामने लाई जाएंगी, इस प्रकार हीन भावना, यदि कोई है, छोड़ देने और अंतर्बाधा दूर करने में उनकी सहायता करेंगी;

(iii) संस्थान, मेडिकल कॉलेज और संस्थान के समुचित मामलों में फेशर्स और वरिष्ठ छात्रों दोनों को शामिल करके छात्र-संकाय सदस्य विचार-विमर्श में वृद्धि करेगा जैसे पाठ्यचर्या तैयार करना, पाठ्येतर क्रियाकलाप और सांस्थानिक समारोह, ताकि छात्र यह महसूस कर सकें कि वे संस्थान के मामलों का प्रबंधन करने में जिम्मेदार साझेदार हैं।

10. रैगिंग के प्रति संस्थान के कर्मचारियों और स्टाफ का संवेदीकरण –रैगिंग के प्रति संस्थान के कर्मचारियों और स्टाफ के संवेदीकरण के लिए मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे, नामत:-

(i) मेडिकल कॉलेज या संस्थान के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों, चाहे वे नियमित हों या अस्थायी, और संस्थान के अंदर सेवा प्रदान करने वाले सेवा प्रदाता के कर्मचारियों सहित सभी स्तरों और प्राधिकरणों के वर्गों तथा कार्यकर्ताओं की यह सामान्य सामूहिक जिम्मेदारी होगी कि वे रैगिंग घटित होने या रैगिंग की किसी घटना, जो उनकी जानकारी में आती है, की रोकथाम करें या उसके विरुद्ध कार्रवाई करें;

(ii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, परिसर में नियोजित सभी अध्यापन और गैर-अध्यापन स्टाफ सदस्यों, संविदा श्रमिकों, चाहे वे कैंटीन चलाने के लिए हों या निगरानी या सुरक्षा स्टाफ हों या भवनों या लॉनों की सफाई या अनुरक्षण के लिए हों और मेडिकल कॉलेज या संस्थान के अंदर सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं

के कर्मचारियों को रैगिंग के प्रभावों और रैगिंग-प्रतिरोधी से संबंधित इन विनियमों के विभिन्न उपबंधों और संबंधित मानवाधिकारों के गुण-दोष विवेचन तथा शारीरिक दंड के प्रति संवेदीकरण से संबंधित विषयों पर इनपुट और छात्रों के बीच डराने-धमकाने को रोकने के संबंध में सेवेदनशील बनाएगा ताकि प्रत्येक अध्यापक, काउंसलिंग दृष्टिकोण के कम से कम मूल तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए साधन सम्पन्न हो सके;

(iii) कैंटीनों या भोजनालयों के नियोक्ताओं या कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे कि वे रैगिंग की घटनाओं पर सख्त निगरानी रखें और कॉलेज प्राधिकारियों को इनकी सूचना दें;

(iv) छात्रावासों के संविदात्मक कर्मचारियों और निगरानी या सुरक्षा स्टाफ सहित सभी सांस्थानिक कर्मचारियों और स्टाफ को, रैगिंग नियंत्रित करने की सांस्थानिक योजनाओं से उपयुक्तत: अवगत कराया जाएगा और सौंपी गई ड्यूटियां स्पष्ट की जाएंगी.

(v) संविदात्मक कर्मचारियों सहित सभी सांस्थानिक कर्मचारियों और स्टाफ के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे एक वचनपत्र दें कि वह रैगिंग के किसी मामले, जो उसकी जानकारी में आता है, की सूचना तुरंत देगा;

(vi) मेडिकल कॉलेज या संस्थान के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया जाएगा कि वे कार्य के अपने क्षेत्र में सख्त निगरानी रखें और आवश्यकता के अनुसार रैगिंग की घटनाओं की सूचना समुचित प्राधिकारियों को दें;

(vii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, प्रशंसा प्रमाणपत्र जारी करके, उन्हें सम्मानित करके और उनके सेवा रिकार्डों में उचित प्रविष्टियां करके, रैगिंग की घटनाओं की रिपोर्टिंग जैसे रैगिंग-प्रतिरोधी क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों का सम्मान करने और उन्हें पुरस्कृत करने की व्यवस्था करें।

11. सांस्थानिक समितियां और संबंधित उपाय:- (1) प्रत्येक मेडिकल कॉलेज या संस्थान, निम्नलिखित समितियां गठित करेगा और उच्चतर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के खतरे को नियंत्रित करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमावली, 2009 के विनिमय 6.3 और इन विनियमों में उपबंधित संबंधित उपाय करेगा।

(2) मेडिकल कॉलेज या संस्थान एक रैगिंग-प्रतिरोधी समिति गठित करेगा।

(3) रैगिंग-प्रतिरोधी समिति में मोटे तौर पर निम्नलिखित सदस्य होंगे। यह संस्थान प्रमुख द्वारा विधिवत् गठित होगी और इसमें भिन्न-भिन्न स्तरों और जेंडर के व्यक्तियों का एक विविध मिश्रण होगा, नामत:

(i) संस्थान प्रमुख;

(ii) संकाय सदस्यों के प्रतिनिधि;

(iii) फ्रेशर्स श्रेणी संबंधित छात्रों के प्रतिनिधि;

(iv) वरिष्ठ छात्रों के प्रतिनिधि;

(v) माता-पिता के प्रतिनिधि;

(vi) गैर-अध्यापन स्टाफ के प्रतिनिधि;

(vii) सिविल और पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि;

(viii) स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि;

(ix) युवाओं के क्रियाकलापों में शामिल गैर-सरकारी संगठन।

(4) रैगिंग-प्रतिरोधी समिति की ड्यूटियों में निम्नलिखित ड्यूटियां शामिल होंगी, परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:-

(i) मेडिकल कॉलेज या संस्थान के रैगिंग-प्रतिरोधी क्रियाकलापों की समग्र मॉनीटरिंग;

(ii) इन विनियमों और तत्समय लागू किसी अन्य कानून दोनों के रैगिंग से संबंधित उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(iii) रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते के क्रियाकलापों की मॉनीटरिंग;

(iv) रैगिंग, यदि कोई हो, की रिपोर्टों की जांच-पड़ताल करना या इस उद्देश्य के लिए गठित समितियों का अनुमोदन करना;

(v) रैगिंग का निषेध और रोकथाम करने के लिए मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा किए गए उपायों के सुधार के लिए सुझाव देना।

12. रैगिंग-प्रतिरोधीदस्ता –(1)संस्थान एक रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ताव गठित करेगा।

(2) संस्थान प्रमुख द्वारा गठित रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते में मोटे तौर पर वार्डन और अन्य स्टाफ, जो आवश्यक हों, सहित संकाय सदस्य और छात्रावास का स्टाफ होगा और महिला छात्रावासों के लिए निर्धारित सदस्यों के साथ रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते में जेंडर का एक विवेकपूर्ण मिश्रण होगा।

(3) रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते की ड्यूटियों में निम्नलिखित ड्यूटियां शामिल होंगी परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:-

(i) ड्यूटी रोस्टर का पालन करना, यदि तैयार किया गया है;

(ii) हर समय सतर्क और फुरतीला बने रहना और आवश्यक ब्योरे भी उपलब्ध कराना ताकि सदस्य, फ्रेशर्स और अन्य छात्रों द्वारा भी आसानी से पहुंचयोग्य हो सके;

(iii) विषम समय पर भी छात्रावासों, बोर्डिंग क्षेत्रों, खेल के मैदानों और परिवहन सुविधाओं तथा अन्य क्षेत्रों में औचक जांच करना, जिसके लिए रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते को विधिवत् शक्ति प्रदान की जाएगी;

(iv) वरिष्ठ छात्रों द्वारा इन विनियमों के अनुपालन के संबंध में विवेकपूर्ण जांच करना;

(v) मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा बनाई गई रूपरेखा के अनुसार रैगिंग की रिपोर्ट न किए जाने की संभावना वाली घटनाओं का पता लगाने के लिए गुप्त सर्वेक्षण करना जो यादृच्छिक हो;

(vi) संभावित रैगिंग के अप्रत्यक्ष साक्ष्यों या किसी चोट के लिए फ्रेशर्स की जांच करना, जैसे दिन के दौरान जागते रहने में असमर्थता जिससे पूरी रात रैगिंग की संभावना का संकेत मिलता हो या रैगिंग के डर के कारण सोने में असमर्थता;

(vii) असुरक्षित क्षेत्रों, जैसे फ्यूज हो गए बल्बों आदि के कारण अंधेरे स्थानों, को ठीक करने के लिए संबंधित प्राधिकारियों को सूचित करना;

(viii) रैगिंग की घटनाओं पर तत्काल और अन्य आवश्यक जांच करना और रैगिंग-प्रतिरोधी समिति को सूचित करना;

(ix) संस्थान प्रमुख और अन्य प्राधिकारियों को रैगिंग के सभी मामलों की सूचना देना, जैसा भी अपेक्षित हो;

(x) किसी रजिस्टर में अभ्युक्तियों या निष्कर्षों, यदि कोई हों, सहित जांच करने के समय और ब्योरों के संबंध में प्रविष्टियां करना।

13. रैगिंग-प्रतिरोधी नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन –(1) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, इन विनियमों के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए रैगिंग-प्रतिरोधी नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन स्थापित करेगा।

(2) यह बेहतर है कि रैगिंग-प्रतिरोधी नियंत्रण कक्ष छात्रावास परिसर के अंदर या निकट स्थित हो, जिसमें 24 घंटे व्यक्ति मौजूद हो और दाखिले के समय सभी छात्रों और उनके माता-पिता को संपर्क नंबर उपलब्ध कराए जाएंगे।

(3) रैगिंग-प्रतिरोधी नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन, रैगिंग की घटनाओं से उत्पन्न सभी आपातकालिक स्थितियों के लिए एक एकल स्थान संपर्क स्थान हो सकती है और कॉल प्राप्त होने पर आवश्यक सूचना, सुरक्षा और पुलिस सहित समुचित कर्मियों को तुरंत प्रसारित की जाएगी और साथ ही साथ पुन: प्रसारित की जाएगी।

14. मेंटरिंग समिति या मेंटरिंग कक्ष –(1) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, इन विनियमों के उद्देश्यों को बढ़ावा देने की दृष्टि से, प्रत्येक शैक्षिक सत्र के अंत में एक मेंटरिंग समिति या मेंटरिंग कक्ष गठित करेगा।

(2) मेंटरिंग समिति या मेंटरिंग कक्ष ऐसे संकाय सदस्यों की एक सूची तैयार करेगा, जो मेंटरिंग प्रक्रिया में वालंटियर हो सकते हैं।

(3) यदि ऐसी इच्छा हो या कनिष्ठ मेंटरों के एक समूह के साथ मेंटरिंग की प्रणाली की कोशिश की जा सकती है या श्रेणीकरण किया जा सकता है, जिसका पर्यवेक्षण या निगरानी एक एकल वरिष्ठ मेंटर द्वारा की जा सकती है।

(4) प्रत्येक मेंटर के अधीन छात्रों की संख्या, मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा समुचित ढंग से तय की जा सकती है परंतु जहां तक संभव हो, यह संख्या 6 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(5) मेंटरों के कार्य मोटे तौर पर निम्नलिखित होंगे, नामत:

(i) मेडिकल कॉलेज या संस्थान में फ्रेशर द्वारा सामना की जा रही समस्याओं या कठिनाइयों, यदि कोई हों, का पता लगाने के लिए हर दिन मेंटी फ्रेशर छात्र के साथ एक एक करके विचार-विमर्श करेगा;

(ii) इन पर पार पाने में फ्रेशर को आवश्यक सहायता प्रदान करेगा;

(iii) छात्रावासों के कमरों के अचानक दौरे करेगा, जहां समूह का/के सदस्य ठहरा हुआ/ठहरे हुए हैं;

(iv) छात्र द्वारा सामना की जा रही समस्याओं पर चर्चा करने और समाधान उपलब्ध कराने के लिए मेंटी के माता-पिता या अभिभावकों के साथ विचार-विमर्श करेगा;

(v) अपने नियंत्रणाधीन फ्रेशरों के साथ अपने विचार-विमर्श की एक डायरी रखेगा;

(vi) संकाय सदस्य मेंटरों के पर्यवेक्षणाधीन वरिष्ठ छात्रों की मेंटरिंग प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।

15. छात्र मामले या छात्रावास समिति –(1) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, किसी वरिष्ठ संकाय सदस्य के अधीन छात्रावास के मामलों की देखभाल करने के लिए एक अलग छात्र मामले या छात्रावास समिति रखेगा जो छात्रावासों के मामलों पर नज़र रखेगा।

(2) विनियम 16 में उल्लिखित नामजद वार्डन छात्र मामले या छात्रावास समिति के अधीन कार्य कर सकते हैं जो छात्रावासों से संबंधित सभी रैगिंग प्रतिराधी उपायों को कार्यान्वित और समन्वय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

16. वार्डन –(1)छात्रावास वार्डन, छात्रावासों में छात्रों के प्रशासनिक कार्योंकी देखभाल करने, बोर्डिंग और लॉजिंग का पर्यवेक्षण करने और यह सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त या नामजद किया गया एक व्यक्ति है कि लागू होने वाले नियमों और विनियमों का पालन किया गया है।

(2) वार्डन, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या संबंधित विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा विनिर्धारित पात्रता मापदंडों के अनुसार नियुक्त किए जाएंगे।

(3) वार्डनों की सहायता, उप-वार्डनों या सहायक वार्डनों द्वारा की जा सकती है, जो वार्डन के पर्यवेक्षणाधीन उसी प्रकार की ड्यूटियां करेंगे।

(4) वार्डन, छात्र मामले या छात्रावास समिति के अधीन या मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा यथा अनुमोदित तरीके से कार्य कर सकता है।

(5) वार्डन की, मेडिकल कॉलेज या संस्थान के रैगिंग-प्रतिरोधी प्रयासों में निभाने के लिए एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि छात्रावास असुरक्षित क्षेत्र है, विशेष रूप से सामान्य शिक्षण समय के पश्चात, जब छात्रावासों में फ्रेशर्स और वरिष्ठ छात्रों की एक-दूसरे का सामना करने की संभावना होती है।

(6) वार्डन हर समय पहुंचयोग्य होंगे और उन्हें मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

(7) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, वार्डन और रैगिंग के खतरे को नियंत्रित करने में शामिल वार्डन और प्राधिकारियों की शक्तियों की समीक्षा करेगा और उनमें उपयुक्तत: वृद्धि करेगा।

(8) मेडिकल कॉलेज या संस्थान, रैगिंग-प्रतिरोधी उपायों के लिए छात्रावासों में सुरक्षा कर्मियों को नियंत्रित करने के लिए वार्डन को सशक्त करेगा।

17. विश्वविद्यालय के कर्तव्य और जिम्मेदारियां –(1) मेडिकल कॉलेज या संस्थानों का संचालन करने वाला प्रत्येक विश्वविद्यालय, उच्चतर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग का खतरा नियंत्रित करने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमावली, 2009 में दिए गए उपबंधों के आधार पर रैगिंग को नियंत्रित करने के लिए अपने स्वयं के विनियम बना सकता है।

(2) समग्र मॉनीटरिंग, समीक्षा करने और संबद्ध कॉलेजों में रैगिंग के निषेध और रोकथाम के लिए सभी सुसंगत विनियमों और तत्समय लागू अन्य कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होने के नाते प्रत्येक विश्वविद्यालय, उन मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा जो उससे संबद्ध हैं।

(3) प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक मॉनीटरिंग समिति होगी जो संबद्ध मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों की सभी रैगिंग-प्रतिरोधी क्रियाकलापों के कार्यान्वयन परिवाहक होगी।

(4) उप-विनियम (3) में उल्लिखित मॉनीटरिंग समिति –

(i) सही अर्थ में नियमित रूप से इन विनियमों के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करेगी;

(ii) निम्नलिखित से संबंधित क्रियाकलापों की निगरानी और मॉनीटरिंग करेगी:

(क) रैगिंग-प्रतिरोधी समिति, रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते और मेंटरिंग समिति या मेंटरिंग कक्ष;

(ख) रैगिंग-प्रतिरोधी विनियमों और कानूनों का प्रसार;

(ग) अभिमुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन;

(घ) अभिमुखीकरण और काउंसलिंग सत्रों का आयोजन;

(ङ) संघटक कॉलेजों या संस्थानों से प्राप्त रैगिंग से संबंधित जांच-पड़तालों की रिपोर्टों की समीक्षा और अनुमोदन करना;

(च) अध्याय IV के उपबंधों के अंतर्गत यथा उपबंधित, मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों द्वारा रैगिंग की घटनाओं की जांच-पड़ताल;

(छ) मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों द्वारा सुधार के लिए सुझावों का कार्यान्वयन; और

(ज) कोई अन्य ऐसा क्रियाकलाप, जो समय-समय पर आवश्यक हो।

(5) प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों के संबंध में रैगिंग की घटनाओं से संबंधित सभी निर्णयों या आदेशों के लिए एक अपीलीय निकाय के रूप में कार्य करेगा, जैसाकि विनियम 25 के अंतर्गत उपबंधित है।

(6) विश्वविद्यालय, अपने संबद्ध मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों के रैगिंग-प्रतिरोधी उपायों की नियमित रूप से समीक्षा करेगा।

(7) विश्वविद्यालय, आयोग और राज्य सरकारों या केंद्र सरकार, जो भी समुचित हो, को सूचित करते हुए ऐसे अनुपालन के लिए, इससे संबद्ध चूककर्ता मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों के विरुद्ध उचित कार्रवाई, जो आवश्यक हो, करेगा जिसमें निम्नलिखित शामिल कार्रवाइयां शामिल हो सकती हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:-

(i) संबद्धता या मान्यता या प्रदान किया गया विशेषाधिकार की वापसी; या

(ii) ऐसे मेडिकल कॉलेज या संस्थान का, विश्वविद्यालय की कोई डिग्री या डिप्लोमा प्रदान करने के लिए उसमें अध्ययन के किसी कार्यक्रम में उस समय अध्ययनरत किसी छात्र या छात्रों को उपस्थित होने से निषेध करना; या

(iii) मेडिकल कॉलेज या संस्थान को दिए जाने वाले अनुदानों की वापसी; या

(iv) रैगिंग की घटनाओं और मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा उन पर की गई कार्रवाइयों सहित अनुपालन को वेबसाइट पर डालना; या

(v) उस विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों के अंतर्गत उपबंधित कोई अन्य कार्रवाई, जो उचित समझी जाए।

(8) विश्वविद्यालय, एक सुसाध्यकर्ता की भूमिका निभाएंगे और मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों में रैगिंग के निषेध और रोकथाम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपाय कार्यान्वित करने हेतु, उनसे संबत्र मेडिकल कॉलेजों या संस्थानों को सुझाव प्रदान करेंगे।

(9) रैगिंग की घटनाओं से संबंधित सभी रिपोर्टें और उनकी अपीलें, आयोग को उपलब्ध कराई जाएंगी।

(10) प्रत्येक विश्वविद्यालय, आयोग के साथ समन्वय रखेगा, विशेष रूप से जब संस्थानों, पाठ्यक्रमों और डिग्रियों की विमान्यता से संबंधित दंडात्मक उपायों से इसका संबंध हो क्योंकि चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के कुछ पहलू, अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत विनियमित होते हैं।

18. आयोग के कर्त्तव्य और जिम्मेदारियां –(1) आयोग, उन विनियमों के उपबंधों के कार्यान्वयन और अनुपालन के संबंध में, उन विश्वविद्यालयों, जिनसे वे संबद्ध हैं, के जरिए मेडिकल कॉलेज या संस्थानों को मॉनीटर करेंगे।

(2) प्रत्येक मेडिकल कॉलेज या संस्थान, फार्म ।।। में दिए गए प्रपत्र पर हर वर्ष आयोग को एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(3) आयोग, मेडिकल मूल्यांकन एवं रेटिंग बोर्ड द्वारा मान्यता निरीक्षणों या मूल्यांकनों के दौरान अनुपालन की समीक्षा करेगा।

(4) न्यायालयों से अपीलों के परिणामों और निर्देशों, यदि कोई हों, सहित रैगिंग की सभी घटनाएं और उनकी रिपोर्टें, मेडिकल कॉलेज या संस्थान द्वारा और उस विश्वविद्यालय, जिससे वे मेडिकल कॉलेज या संस्थान संबद्ध हैं, द्वारा आयोग को उपलब्ध कराई जाएगी।

(5) यदि कोई मेडिकल कॉलेज या संस्थान, इन विनियमों का अनुपालन करने और रैगिंग को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो आयोग, समुचित कार्रवाई, जो उचित समझी जाए, करेगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल है परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है, नामत:-

(i) उस मेडिकल कॉलेज या संस्थान के विरुद्ध विमान्यता प्रक्रिया आरंभ कर देना;

(ii) उस मेडिकल कॉलेज या संस्थान की प्रवेश क्षमता उस सीमा तक कम करना जो आयोग उचित समझे;

(iii) उस मेडिकल कॉलेज या संस्थान में, अगले आदेशों तक, आगे दाखिला रोक देना;

(iv) स्नातक-पूर्व, स्नातकोत्तर और अति विशेषज्ञता आयुर्विज्ञान पाठ्यक्रमों के लिए अनुमति का नवीकरण रोक देना;

(v) सभी संबंधितों की जानकारी के लिए, संबंधित मेडिकल कॉलेज या संस्थान पर लगाए गए दंड के संबंध में सूचना, आयोग की वेबसाइट पर डालना;

(vi) कोई अन्य निवारक उपाय, जो आवश्यक हो।

19. न्यायालय –न्यायालय, यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं कि रैगिंग वाले मामले प्राथमिकता के आधार पर लिए जाएं ताकि सही संदेश भेजा जा सके कि रैगिंग को केवल हतोत्साहित ही नहीं किया जाना चाहिए बल्कि इस पर कठोरता से कार्रवाई की जानी चाहिए।

अध्याय IV

रैगिंग की घटनाओं पर कार्रवाई करना

20. अनुशासनिक मामलों का समाधान संस्थानों के परिसर के अंदर किया जाना चाहिए –अनुशासन के सभी मामलों का समाधान, उस मेडिकल कॉलेज या संस्थान के परिसर के अंदर किया जाना चाहिए, सिवाय ऐसे मामलों के, जिनमें कानून और व्यवस्था का अतिक्रमण हो या शांति अथवा लोक शांति भंग होती हो जिस पर तत्समय लागू दांडिक कानून के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है।

21. रैगिंग की घटनाओं की रिपोर्टिंग– (1) रैगिंग की प्रत्येक घटना की सूचना देना सभी संबंधितों के लिए अनिवार्य है।

(2) यहां तक कि किसी फ्रेशर द्वारा भी रैगिंग की किसी घटना की सूचना न देने को गंभीरता से लिया जाएगा और इसका अर्थ रैगिंग के लिए उकसाना हो सकता है।

(3) रैगिंग की किसी घटना की रिपोर्ट शिकायत, निम्नलिखित द्वारा की जा सकती है:-

(i) कोई फ्रेशर या माता-पिता या अन्य छात्र; या

(ii) छात्रावास के प्राधिकारी, सुरक्षा कर्मी या कोई अन्य स्टाफ जैसे कैंटीन स्टाफ; या

(iii) संस्थान प्रमुख, संकाय सदस्य या अचानक जांच करने पर रैगिंग-प्रतिरोधी दस्ते या रैगिंग-प्रतिरोधी समिति के सदस्य; या

(iv) अन्य जैसे स्थानीय पुलिस या जिला प्राधिकारियों को सीधे शिकायत।

(4) सभी मामलों में, किसी अपवाद के बिना, शिकायतकर्ता विशेष रूप से छात्रों के नाम गुप्त रखे जाएंगे, जब तक अन्य अनुमतियोग्य न हो।

(5) रैगिंग की घटनाओं से संबंधित प्रत्येक सूचना या शिकायत, या तो प्रत्यक्ष रूप से या नियंत्रण कक्ष या रैगिंग-प्रतिरोधी हेल्पलाइन के जरिए तुरंत और साथ ही साथ संस्थान प्रमुख को संसूचित की जाएगी।

